
# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]





## खबर संक्षेप

### आंदोलन व चक्काजाम के बाद भी नहीं सुधरी पीथमपुर मार्ग की दशा



**जांजगीर-चांपा।** चक्काजाम एवं आंदोलन करने के बाद भी जोबी पीथमपुर मार्ग की सडक की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। वही मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके दो माह बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सडक से होकर आवागमन करने की मजबूरी बनी हुई है। विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है। इस तरह की समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खासबात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर दो माह पहले ही ग्रामीणों के द्वारा जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग के जोबी खोक्सा बायपास मार्ग रेल्वे ओवर ब्रीज के पास ग्रामिणो के द्वारा जांजगीर चाम्पा के विधायक ब्यास नारायण कश्यप सहित जर्वे के सरपंच एवं अन्य लोगो के द्वारा सडक मरम्मत की मांग को लेकर जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं आंदोलन भी किया गया था। इसके बाद भी सड़क की स्थिति बद से बदतर हो चली है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरों का ध्यान तक नहीं है।
इस संबंध में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान का कहना है कि जोबी-पीथमपुर मार्ग खराब होने की जानकारी मिल चुकी है। मरम्मत कार्य को लेकर संबंधित अफसरों को निर्देशित किया गया है।

### 250 किलो महुआ लहान को आबकारी टीम ने किया नष्ट

**बिर्रा।** आबकारी विभाग की टीम ने 250 किलो महुआ लहान को नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। साथ ही 2 आरोपियों के कब्जे से 90 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त भी किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी विभाग द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम झरप (करही) में शुक्रवार 10 अक्टूबर को आबकारी बृत्त जैजैपुर एवं थाना हसौद पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत ग्राम झरप में सत कुमार लहरे पिता दयाराम लहरे उम्र 21 साल एवं दयाराम लहरे पिता ललितराम लहरे उम्र 55 साल दोनों के कब्जे से एक सफ़ेद रंग के 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन मे 10 लीटर कच्ची महुआ को जब्त किया गया। आबकारी बृत्त जैजैपुर द्वारा दोनों आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेंद्र यादव थाना प्रभारी हसौद, आबकारी उप निरीक्षक कोमल प्रसाद सिदार, थाना हसौद से सउनि बिसोहन, प्रधान आरक्षक नंदूराम साहू, संजय शर्मा, आरक्षक कमलेश धारिया, राजू खूंटे, राजेश यादव, आबकारी बृत्त जैजैपुर से भीम साहू, विरेंद्र यादव, परसराम कहरा, महिला भृत्य बसंती बाई चौधरी, चालक कमलेश यादव का विशेष योगदान रहा।

### सायबर अपराधों के संबंध में लोगों को करें जागरूक

**बिर्रा।** सायबर अपराध एवं धोखाधड़ी से बचने लोगों को जागरूक किया जाना है। साथ ही क्षेत्र में महिला कमांडों का गठन करना है। इसे लेकर सीएसपी खपर्डे ने पार्षदों की बैठक ली। इस दौरान नशा सेवन से होने वाले नुकसान की भी जानकारियां दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सीएसपी जांजगीर सुश्री योगिताबाली खपर्डे द्वारा सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। सायबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे भी जानकारी दी गई। डिजिटल अरेस्ट से बचने, मोबाइल पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे, नशा पान सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्र में महिला कमांडो टीम का गठन करने, पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चाम्पा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांजगीर क्षेत्र के पार्षदो का मीटिंग लिया जाकर सायबर अपराध से बचने के संबंध जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायबर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रियाः 1. हेल्पलाइन पर कॉल करें: वित्तीय धोखाधड़ी या किसी अन्य साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करने की अपील की गई। साथ ही भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4 सी) की वेबसाइट पर जाकर अपराध दर्ज कराए।

### घर की बाड़ी में लगाया था गांजे का पौधा, आरोपी गिरफ्तार

कुसमी। नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने घर की बाड़ी में गांजा के पौधे लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना अंतर्गत ग्राम घुईझरिया अमरपुर निवासी किसुन यादव अपने घर की बाड़ी में गांजा का पौधा लगाया है।

## आयुक्त ने शहर की स्वच्छता व सौंदर्यीकरण कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

# अब शहर का कोई भी स्थल न बनने पाए कचरा डम्पिंग प्वाइंट : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर तथा निगम क्षेत्र के सभी 7 जोन के अंतर्गत स्थित ऐसे स्थल जहाँ पर पहले लोगों द्वारा कचरा डालने से स्थल कचरा डम्पिंग प्वाइंट बन गए थे, स्थलों पर कचरा बिखरा रहता था, अब उन स्थलों पर सुंदरता मुस्कुरा रही है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न ऐसे स्थलों पर पहुंचकर वहाँ किए गए सौंदर्यीकरण कार्यो का अवलोकन किया और अधिकारियों निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी स्थल पर पुनः कचरा डम्पिंग प्वाइंट न बने।

**खास बात**
- निगम आयुक्त ने निर्माण एजेंसियों की लेटलतीफी पर हुए नाराज, दिया अल्टीमेटम



स्थल का निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

नगर निगम द्वारा अपने सम्पूर्ण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड व बस्तियों में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था बनाई गई है, जिसके तहत निगम की स्वच्छता दीदियाँ प्रतिदिन वार्ड व बस्तियों में डोर-टू-डोर पहुंचकर घरों व दुकानों से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कर रही हैं किन्तु इसके बावजूद भी कतिपय लोगों द्वारा घरों व दुकानों से निकला कचरा सड़क के किनारे रिक्त स्थलों पर डाल दिया जाता था तथा धीरे-धीरे उक्त स्थल कचरा डम्पिंग प्वाइंट बन गए थे, इन स्थानों में कचरा बिखरा रहता था, गदंगी का आलम रहता था तथा वहाँ से गुजरने वाले आमनागरिकों को अनावश्यक असुविधा होती थी, तो वही शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के प्रयासों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इन स्थलों को लोहे के मजबूत जालियों से सुरक्षित किया गया एवं वहाँ पर पेवरब्लाक लगाकर आकर्षक थीम आधारित पेंटिंग पोताई कराई गई, पौधों का रोपण किया गया तथा स्थलों को सौदर्यीकृत स्वरूप दिया गया, अब स्थलों पर गदंगी व कचरा नहीं रहता, बल्कि वहाँ पर अब सुंदरता मुस्कुरा रही है, सौदंर्य बिखर रहा है। योजना के अंतर्गत निर्मित किए जा चुके मकानों के अंतिरिक्त शेष आवासगृहों के निर्माण व व्यवस्थाओं से जुडे. कार्य प्रगति पर हैं, किन्तु कार्यो में निर्माण एजेंसियें की लेटलतीफी दृष्टिगोचर हो रही है, जिसपर आयुक्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजना के कार्यों में लापरवाही व लेटलतीफी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं की जाएगी, यदि कार्यों में अपेक्षित तेजी न लाई गई तो संबंधित निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही भी की जा सकती है।

**आवासगृहों में व्यवस्थाएं कर हितग्राहियों को कराएं शिफ्ट**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने दादर बस्ती के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासगृहों का निरीक्षण किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुके आवासगृहों में पानी, बिजली, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिन हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित किए गए हैं, उनकी शिफ्टिंग आवासगृहों में कराएं। उन्होने आवासगृहों के लिए किए जा रहे सड़क निर्माण के कार्य को अक्टूबर माह के अंत तक पूरा करने तथा सम्पवेल व एसटीपी निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाकर समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## एक दिवसीय जिला किसान महासम्मेलन का आयोजन कल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत पाली में 12 अक्टूबर को एक दिवसीय जिला किसान महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसानों के मौलिक अधिकार, भूमि अधिग्रहण से प्रभावित उनके अधिकार, एवं प्राकृतिक व पैतृक सम्पदाओं के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह महासम्मेलन पाली पड़निया चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिसका संचालन कानूनी विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान जी रय्याणी चेयरमैन फोरम फॉर फास्ट जस्टिस मुंबई महाराष्ट्र, प्रवीण पटेल राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी नेशनल फेडरेशन ऑफ़ सोसायटी फॉर जस्टिस दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं द्वारा किसानों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना है कार्यक्रम में उन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जो ज़मीनी स्तर पर किसानों को प्रभावित करते हैं। विशेष रूप से वन पट्टा एवं भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले वक्ताओं द्वारा यह समझाया जाएगा कि कैसे कई किसान अपने अधिकारों की जानकारी न होने के कारण अपमानित एवं संवैधानिक मौलिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं। सम्मेलन का लक्ष्य है कि सभी सम्मानित जन प्रतिनिधियों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए।

## डेंगू, मलेरिया व कीटजनित बीमारियों को लेकर निगम व स्वास्थ्य विभाग एलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डेंगू, मलेरिया, कीटजनित व जलजनित बीमारियों से सुरक्षा एवं बचाव के लिए नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग एलर्ट मोड पर कार्य करते हुए वार्ड व बस्तियों में विशेष अभियान चलाएगा, इस हेतु गठित संयुक्त टीमें डोर-टू-डोर पहुंचकर दवाओं के छिड़काव, संभावित लार्वा को खत्म करने व इस दिशा में लोगों में जागरूकता लाने का कार्य एक अभियान के रूप में करेंगी, इसके साथ ही घर के आसपास, छतों पर व घर के बाहर भीतर रखी कबाड़ सामग्रियों में जल जमाव को खत्म करने, एहतियाती कदम उठाने हेतु लोगों को जागरूक करेंगी।

**खास बात**
- वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचेगी संयुक्त टीम, दवाओं का होगा छिड़काव

कलेक्टर अजीत वसंत व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन तथा निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक निगम कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.सिद्दीकी, डॉ.दुबे, जिला समन्वयक श्रीमती ज्योत्सना सहित निगम के स्वच्छता विभाग व जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने कहा कि वर्तमान वर्षा ऋतु में डेंगू, मलेरिया व कीटजनित बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, विगत वर्ष भी शहर के कुछ क्षेत्रों में डेंगू के प्रकरण सामने आए थे, अतः हमें इस दिशा में एलर्ट मोड़ पर रहकर कार्य करना होगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले, नगर निगम के मैदानी अ मले एवं मितानिनों की संयुक्त टीमें घर-घर पहुंचकर एक विशेष अभियान के रूप में इन बीमारियों से बचाव व सुरक्षा हेतु सभी आवश्यक कार्यवाहियाँ करेंगी। इस कार्य में वार्ड पार्षदों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग व मार्गदर्शन भी प्राप्त करेंगी। अभियान के दौरान कीटनाशक व लार्वारोधी दवाओं का छिड़काव कर संभावित लार्वा, मच्छर आदि को खत्म करने का कार्य होगा, विशेषकर हाटस्पाट क्षेत्रों को चिन्हित कर वहाँ पर सघन कार्यवाही की जाएगी। घरों के आसपास एवं घर की छतों पर जल जमाव न हों, छत पर रखी पानी टंकियॉ पूर्ण रूप से ढकी हुई व ढक्कनयुक्त हों, घरों एवं घरों के बाहर रखी कबाड़ सामग्रियों, कूलर, गमले, फूलदान आदि में जल जमाव न हों, इस हेतु लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## प्रकृति में जो भी गंदगी दिखाई देती है उसके जिम्मेदार हम स्वयं : नन्दनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं तट सौंदर्यीकरण हेतु आश्विन पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य संकल्प सभा एवं हसदेव आरती का आयोजन किया गया। कोरबा के माँ सर्वमंगला घाट पर हुए इस आयोजन में साध्वी गिरिजेश नंदनी (वनवासी सेवा आश्रम, केन्दई), संत रामरूपदास महात्यागी (मदकू द्वीप) सहित कई जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व को दोहराते हुए कहा कि हम अपने घरों की तरह ही नदी और प्रकृति की सफाई करें, तभी यह धरती स्वर्ग बन सकती है।

**खास बातें**
- आश्विन पूर्णिमा पर माँ सर्वमंगला घाट में हुआ संकल्प सभा व हसदेव आरती का आयोजन
- हसदेव को स्वच्छ, निर्मल और दिव्य बनाने का लिया गया संकल्प



स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते हुए।

आश्विन पूर्णिमा के पावन अवसर पर माँ सर्वमंगला घाट में साध्वी गिरिजेश नंदी (स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा सेवा आश्रम, केंदई) एवं संत रामस्वरूपदास महात्यागी ( रामाश्रय हरिहर क्षेत्र केदार, मदकू द्वीप) के पावन सान्निध्य तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता व नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, पाली नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय जायसवाल व छुरी नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य में संकल्प सभा एवं हसदेव आरती का आयोजन किया गया। संकल्प सभा व हसदेव आरती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी गिरिजेश नन्दनी ने कहा कि हम जितना सुविधा भोगी बनेंगे उतना ही प्रकृति प्रदूषित होगी। आज प्रकृति में जो भी गंदगी दिखाई देती है उसके जिम्मेदार हम स्वयं हैं चाहे माने या ना मानें। हम यदि प्रकृति को शुद्ध करना चाहते हैं तो हमें प्राचीन सनातन जीवन पद्धति को अपनाना होगा। हम जैसे अपने घर की सफाई करते हैं, अपने घर को सुरक्षित रखते हैं तथा अपने बच्चों के भविष्य को बनाना चाहते हैं उसी प्रकार हमें अपने घर, नगर, राज्य और देश की सफाई के लिए प्रयास करना होगा। हमें 'स्व' का गौरव अर्थात स्वभाषा, वेश भूषा,आहार विहार और संस्कृति पर गौरव रखते हुए सनातन जीवन मूल्यों को अपनाना होगा, तभी यह प्रकृति शुद्ध होगी, तभी हमारे मन विचारों में शुद्धि आएगी और विश्व का कल्याण होगा। संत रामरूपदास महात्यागी ने कहा कि एक सभा में मंच पर उपस्थित संत ने पूछा कि कौन कौन स्वर्ग जाना चाहता है। सभा में उपस्थित लगभग लोगों ने हाथ खड़े किया लेकिन एक व्यक्ति ने हाथ खड़ा नहीं किया। फिर संत ने पूछा कि कौन कौन नर्क जारा चाहता है तो स्वाभविक रूप से सभी लोगों ने उस व्यक्ति की ओर देखा जिसने हाथ खड़ा नहीं किया था लेकिन उस व्यक्ति ने फिर भी हाथ नहीं उठाया तो संत के मन में संशय खड़ा हो गया आप स्वर्ग भी नहीं जाना चाहते और आप नर्क भी नहीं जाना चाहते तो आप कहां जाना चाहते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### शहर में खुलेगा सुमित ज्वेलर्स का शोरुम, शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश की ज्वेलरी मार्केट में जाना पहचाना नाम सुमित ज्वेलर्स के नये शोरुम शहर में खुलने जा रहा है। इसका शुभारंभ शनिवार को पुराने कोरबा में सुबह 9 बजे किया जाएगा। जिसकी तैयारियां सुमित ज्वेलर्स की ब्रांच लेकर व्यवसाय शुरु करने वाले प्रबंधन द्वारा पिछले एक सप्ताह से की जा रही थी। प्रदेश की राजधानी रायपुर में सुमित ज्वेलर्स की एक अलग पहचान है। उसी पहचान की कड़ी में कोरबा पुराने शहर में इसकी नई ब्रांच खुलने जा रही है। शोरुम के संचालक पारस जैन ने बताया कि सुमित ज्वेलर्स के खुलने से शहर के ज्वेलरी मार्केट को एक नया आयाम मिलेगा। दीवाली त्यौहार के अवसर पर सभी कैरेट के सोने चांदी के ज्वेलरी उपलब्ध रहेंगे। राजधानी रायपुर और महानगरों के तर्ज पर चल रही ज्वेलरी व्यवसाय की तरह शहर में भी इसको पहचान मिलेगी। शहर में ज्वेलरी मार्केट को लेकर आम लोगों को सुमित ज्वेलर्स की पहचान बनी हुई है। शहर में इसकी शोरुम खुलने से ग्राहकों को ज्वेलर्स के क्षेत्र में आने वाली नई वैराटी भी उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ के अवसर पर शहर के व्यवसायी आदि उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि दीवाली के अवसर पर सोने चांदी की खरीदी सर्वाधिक होती है। दीवाली के ठीक एक पखवाड़े पहले सोने चांदी का एक बड़े शोरुम खुलने से आम शहरवासियों को एक सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी।

**खास बात**
- पुराने कोरबा में स्थापित होंगे प्रतिष्ठान

### जीएसटी रेट कट से कपड़ों के दाम घटे, पारीक फैशन दे रहा सीधा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




विगत कई वर्षों से कपड़े के व्यवसाय में पारीक टेक्सटाइल एक ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठान बना हुआ है। दीपावली के शुभ अवसर पर पारीक टेक्सटाइल अपने नए स्टॉक एवं सभी प्रकार की वैरायटी के साथ ग्राहकों के लिए तैयार है। पारीक टेक्सटाइल के संचालक से मुकेश ने बताया कि सरकार ने हाल ही में टेक्सटाइल सेक्टर में जीएसटी रेट को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसका सीधा असर अब मार्केट में दिखने लगा है कपड़ों के दाम पहले से कम हो गए हैं और इसका पूरा फायदा पारीक फैशन अपने ग्राहकों तक पहुंचा रहा है। अब पारीक फैशन में उपलब्ध ब्रांड्स जैसे मुफ्ती, क्रिम्सौने क्लब, नॉस्ट्रम और अन्य बड़े ब्रांड के कपड़ों की कीमतें अब पहले से 5-10 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। वही जींस, शर्ट्स, टी शर्ट्स या फॉर्मल वियर जो पहले एक हजार की आती थी, अब सिर्फ 900-950 में मिल रही है। इस जीएसटी रेट कट का फायदा ग्राहकों को सीधा मिल रहा है अब कपड़ों की कीमतें पहले से कम हुई है, शॉपिंग हुई और आसान ब्रांडेड प्रोडक्ट अब और सस्ती हुए हैं जिससे लोकल व्यापार को नया उठाव मिला है। त्योहारी सीजन में पारीक फैशन पर नए कलेक्शन की रौनक है। अब ग्राहकों को फैशन और बचत, दोनों साथ मिल रहे है। मुकेश ने बताया कि दीपावली के त्यौहार में पिछले कुछ सालों से पारंपरिक कपड़ों की विशेष मांग बनी हुई है बच्चे बड़े महिला एवं पुरुष सभी त्यौहार में पारंपरिक पोशाक की पहनना पसंद कर रहे हैं उनकी मांग को देखते हुए हमने भरपूर स्टॉक और वैरायटी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई है पारीक टेक्सटाइल के संचालक मुकेश ने ग्राहकों से आग्रह किया है की दिवाली के खरीदारी करने एक बार पारीक टेक्सटाइल अवश्य पधारें।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कटघोरा व दीपका ब्लॉक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के कोरबा जिला पर्यवेक्षेक डॉ.आरसी खुटिया ने आज 9 अक्टूबर गुरूवार को सेवादल एवं कटघोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा दीपका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक ली। जिला कांग्रेस कार्यालय में सेवादल को संबोधित करते हुए डॉ.आरसी खुटिया ने कहा कि सेवादल संगठन कांग्रेस पार्टी की मातृ संगठन है। सेवादल कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। बैठक में सर्वप्रथम सेवादल अध्यक्ष शहर, प्रदीप पुरायणे एवं ग्रामीण अध्यक्ष, रामनारायण रजक ने डॉ.आरसी खुटिया को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेवादल कांग्रेस पार्टी की मुख्य शक्ति है। जिसमें सादगी और समर्पण का अभूतपूर्व समावेश है। हमें सेवादल संगठन को मजबूत करना होगा। जिसके बाद मंगल भवन कटघोरा में कटघोरा शहर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आयोजित किया गया जहां ब्लॉक अध्यक्ष राजीव लखनपाल ने डॉ. आर सी खुटिया को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ.आरसी खुटिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा राष्ट्रहित के मामलों में आगे रही है जिसने आम लोंगो के हितों का ख्याल रखा है। जब कांग्रेस कमजोर होगी तो देश भी कमजोर होगा क्यांकि कांग्रेस देश के आम लोंगो का प्रतिनिधित्व करती है और इसके जनतांत्रिक तंतु को बनाए रखने मे मददगार रही है। शाम 4 बजे शिवधाम ज्योतिनगर दीपका में दीपकानगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आरसी खुटिया ने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को पार्टी के मौलिक आदर्शों और मकसदों का वाहक होना चाहिए। युवा और आधुनिकता को अब एक साथ आना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, बी एन सिंह, रतन मित्तल, नत्थुलाल यादव, मनोज चौहान, हरीश परसाई, तनवीर अहमद, इस्तियाक खान, गोरेलाल यादव सहित ब्लॉक कांग्रेस दीपका एवं कटघोरा के पदाधिकारी उपस्थित थे।


TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

## बजरंग साहू कोरबा तहसीलदार, मंडावी भेजे गए पाली

# कलेक्टर ने एक साथ बदले 10 तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




राजस्व विभाग के कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जिले के 10 तहसील में पदस्थ सात तहसीलदार और तीन नायब तहसीलदार के पदस्थापना स्थल में बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव से कोरबा तहसीलदार को पाली भेजा गया है। इसी तरह पाली तहसीलदार को कटघोरा भेजा गया है। राजस्व विभाग में यह कार्यवाही बड़ी कार्यवाही मानी जा रही है।

कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद तहसीलदारों को अपने अपने क्षेत्र में पदस्थापना के आदेश भी जारी कर दिये गये हैं। शुक्रवार को कलेक्टर अजीत वसंत ने 10 तहसील के सभी तहसीलदारों को एक साथ बदलने की कार्यवाही की है। राजस्व हल्के में इसे बड़ी कार्यवाही माना जा रहा है। अब तक एक दो तहसीलदारों का ही बदलाव होते आया है लेकिन एक साथ 10 तहसील के तहसीदारों को बदलना अभी तक की बड़ी कार्यवाही बतायी जा रही है। जारी आदेश के तहत तहसील कार्यालय कोरबा में पदस्थ सत्यपाल राय को बरपाली तहसीलदार बनाकर भेजा गया है। वहीं बरपाली के तहसीलदार अभिजीत राजभानू को हरदीबाजार के तहसीलदार बनाया गया है। कोरबा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी को पाली का तहसीलदार बनाया गया है। श्री मंडावी के विरुद्ध लगातार शिकायतें भी मिल रही थी। इसी तरह पाली के तहसीलदार सूर्या प्रकाश केसकर को कटघोरा का तहसीलदार बनाया गया है। वहीं कटघोरा की तहसीलदार रही श्रीमती प्रियंका चंद्रा को दर्री तहसीलदार बनाई गई हैं। दर्री के तहसीलदार बजरंग साहू को कोरबा तहसील की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह हरदीबाजार के तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैकरा को अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा बनाया गया है। श्रीमती जानकी काठले नायब तहसीलदार दर्री को नायब तहसीलदार बरपाली भेजा गया है। बरपाली नायब तहसीलदार चंद्रभूषण चंद्रा को नायब तहसीलदार दर्री भेजा गया है। इसी तरह नायब तहसीलदार धनेश्वर चंद्रा को कटघोरा से हटाकर तहसील पसान भेजा गया है।

# दोनों ट्रैक से गुजरेंगी खदानों से कोयला लेकर निकलने वाली मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



उरगा से कुसमुंडा तक नई रेल ट्रैक बिछाने के बाद खदानों से कोयला लेकर निकलने वाली मालगाड़ी समय समय पर दोनों ट्रैक से गुजरेंगी। उरगा कुसमुंडा ट्रैक का परीक्षण खाली रेक दौड़ाकर किया गया है। इससे ट्रैक पर दबाव कुछ कम होगा।

उरगा कुसमुंडा रेलवे लाइन तैयार होने के बाद कुसमुंडा से कोयला लेकर निकलने वाली मालगाड़ी सीधे उरगा निकलेंगी। हालांकि रेलवे प्रबंधन ने पुराने ट्रैक से भी कोयला लोड गाड़ियों के आवागमन के विषय में बताया है। समय समय पर दोनों ट्रैक का उपयोग किया जा सकता है लेकिन रेलवे की खाली रैक उरगा रेलवे लाइन से सीधा कुसमुंडा निकलेगी और खादान से कोयला लेकर दोनों ट्रैक से वापस जा सकेंगी। उरगा कुसमुंडा ट्रैक सिंगल लाइन होने के कारण पुराने रेलवे ट्रैक का भी उपयोग किया जाएगा। हालांकि इससे पवन टाकिज, सोनालिया पर पूर्व की तरह पड़ने वाला दबाव कुछ स्तर तक कम हो जाएगा जिससे बार बार फाटक के बंद होने से कुछ राहत मिलेगी। इस संबंध में रेलवे पीआरओ के मुताबिक दोनों ट्रैक से कोयला लोड गाड़ियां निकाली जाएंगी। इससे पुराने ट्रैक पर दबाव कम होगा।






## खबर संक्षेप



### पीएम सूर्यघर योजना अब बनेगा हर घर का साथी, हर परिवार का सहारा

**कोरबा।** सूरज की पहली किरण जब धरती पर सुनहरी चादर बिछाती है, तो अब वह सिर्फ रोशनी नहीं लाती वह एक नई सोच, नई दिशा और नए आत्मविश्वास की किरण बनकर देश के घर-घर को रोशन कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाले ऐतिहासिक अभियान का रूप ले लिया है। वर्षों पहले जब बढ़ती बिजली मांग और पारंपरिक संसाधनों पर निर्भरता चिंता का कारण बन रही थी, तब एक सशक्त विचार ने जन्म लिया क्यों न हर नागरिक अपने घर की छत को ही ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बना दे यही विचार आगे चलकर प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का रूप बना, जिसने ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक बनने का रास्ता आमजन के सामने खोला।

इस योजना का मूल उद्देश्य है हर घर में स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा पहुँचाना। इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट तक सोलर रूफटॉप पैनल लगाने पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इतना ही नहीं, 300 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले परिवारों को मुफ्त बिजली का सीधा लाभ मिल रहा है। इस पहल ने एक ओर जहाँ घरेलू खर्च में बड़ी बचत दी है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन एनर्जी मिशन को भी नई गति प्रदान की है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना आज केवल एक सरकार की योजना नहीं, बल्कि हर घर की छत पर आशा का प्रतीक बन चुकी है।

### जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जुटेंगे एक हजार खिलाड़ी

**कोरबा।** शालेय खेलकूद कैलेंडर के अनुसार चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत 12 अक्टूबर से वॉलीबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज शहर के चार मैदानों में होने जा रहा है। जिसमें 1 हजार खिलाड़ी, कोच, मैनेजर व टीम मैनेजर जुटेंगे। जिसके लिए सभी प्रशासनिक अधिकारियों को आवास व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत जुलाई महीने में सुब्रतो कप फुटबाल प्रतियोगिता से शुरु हुई थी। उसके बाद से लगातार खो खो, कबड्डी एवं फुटबाल जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं अलग अलग चरणों में जिले में आयोजित की गई हैं। इसी कड़ी में 12 अक्टूबर से 14, 17 व 19 वर्षीय बॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता की शुरुआत होने जा रही है। जिसमें पांच संभाग रायपुर, दुर्ग, बस्तर एवं बिलासपुर के बालक बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे इनमें 370 बालक तथा 225 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं। इनके अलावा 120 कोच, मैनेजर तथा 80 छग ओलंपिक के सदस्य एवं जिले के सौ लोग एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मिलाकर कुल 1 हजार सदस्य शिरकत करेंगे। जिनके आवासीय व्यवस्था की जिम्मेदारी विद्युत गृह, सेंट जेवियर्स, दयानंद स्कूल, गायत्री स्कूल बुधवारी, ब्लू बर्ड स्कूल में बालक वर्ग को ठहराया जाएगा। वहीं बालिका वर्ग के लिए न्यू एरा स्कूल, निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी, सरस्वती स्कुल बुधवारी, साडा कन्या कोरबा एवं निर्मला स्कूल सीएसईबी शामिल हैं।

### बोईदा विद्यालय में पीटीएम बैठक संपन्न



**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में शुक्रवार को पलक बालक सम्मेलन रखा गया था जो की तिमाही परीक्षा फल पर आधारित था इसका प्रमुख उद्देश्य परीक्षाफल को उन्नत करना है। प्राचार्य पूनम दुबे ने सभी पालकों से अपील किया है की बच्चों को अधिक से अधिक समय देकर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखें सभी विषयों का घर में गृह कार्य अवश्य करवाएं साथ ही विद्यालय में अनुशासन एवं आवश्यक शैक्षिक व्यवस्था हेतु सहयोग प्रदान करें। श्री बंजारे ने कहा कि बालिकाएं पढ़ाई में आगे आ रहे हैं बालकों को भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है पालक अपने बच्चों को घर में ध्यान देंगे तो परिणाम निश्चित ही अव्वल दर्जे का रहेगा। कार्यक्रम संचालन राजेन्द्र कुमार नायक ने करते हुए बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में विशेष अंक प्राप्त कर टॉप टेन में नाम दर्ज कर स्कूल व जिले का नाम प्रदेश में रोशन करना है साथ ही परीक्षा हेतु अच्छा तैयारी रखने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्या पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, राजेन्द्र कुमार नायक,वीरेंद्र कुर्रे,देवी दयाल सिंह,पुरुषोत्तम देवांगन,जितेंद्र कुमार नेटी,भारती सिंह तोमर,सुनील कुमार मिश्रा,निहारिका इमानुएल,परमेश्वर राम मराठा,सेत कुमार सांड,भाग्यश्री पांडेय ,गौरव कुमार सिंह, शिवनारायण जगत,राजेंद्र कुमार कौशल,रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े के साथ समस्त पालक एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।

## शाला पोषण अभियान की नई गाइडलाइन

# ग्रामीण अंचलों के कॉलेजों में विषय वाले छात्र मिलने पर खुलेगी फैकल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचल के कॉलेजों में विषय वाले छात्र मिलने के बाद ही फैकल्टी की सुविधा मिलेगी। पूर्व में महाविद्यालय के प्रबंधन के प्रस्ताव पर फैकल्टी की स्वीकृति मिल जाती थी अब शाला पोषण अभियान की नई गाइडलाइन में अगर विषय वाले छात्र नहीं मिलेंगे तो फैकल्टी नहीं खुलेगी।

**खास बात**
- उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुधारने शुरु होगा अभियान




विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा पिछले शिक्षण सत्र के दौरान ग्रामीण अंचल के महाविद्यालय में जहां छात्रों की दर्ज संख्या विश्वविद्यालय के मापदंड के अनुरुप नहीं रहती थी ऐसे महाविद्यालय में दर्ज संख्या बढ़ाने शाला पोषण अभियान शुरु की गई थी। इस अभियान के तहत कॉलेज प्रबंधन को अपने कॉलेज स्थल से 10 से 15 किमी दूर आसपास संचालित सरकारी स्कूलों में जाकर कॉलेज के फैकल्टी के विषय में जानकारी ली जाती थी ताकि उस स्कूल से निकलने वाले संबंधित छात्र कॉलेज में प्रवेश ले सके। किंतु अब कॉलेज प्रबंधन को फैकल्टी की स्वीकृति के लिए शाला पोषण अभियान की रिपोर्ट भी भेजनी पड़ेगी जिसमें उनके कॉलेज के आसपास के सरकारी स्कूलों में किस विषय के कितने छात्र अध्ययनरत है और उसके हिसाब से संबंधित विषय की फैकल्टी शुरु की जाएगी। पिछले तीन वर्षों के दौरान जिस तेजी से ग्रामीण अंचल में शासकीय महाविद्यालय का संचालन शुरु हुआ है उस दृष्टि से अभी भी उन कॉलेजों में बीएससी संकाय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या बहुत कम है। ऐसी स्थिति को देखते हुए फैकल्टी बंद होने की स्थिति निर्मित हो जा रही है।

**इन स्थानों में संचालित है महाविद्यालय**

रामपुर, उमरेली, करतला, भैसमा, पाली, बांकीमोंगरा, दीपका, हरदीबाजार और जटगा आदि शामिल हैं। इन कॉलेजों में भैंसमा और हरदीबाजार की स्थिति छात्र संख्या की दृष्टि से बेहतर है। हालांकि बांकीमोंगरा में भी छात्र संख्या पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है लेकिन साइंस फैकल्टी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या कम है। इसके साथ ही इन कॉलेजों को स्वयं का भवन भी उपलब्ध नहीं हुआ है।

**विश्वविद्यालय प्रबंधन को पर बढ़ता है दबाव**

किसी भी कॉलेज में नई फैकल्टी शुरु होने के बाद उस फैकल्टी के लिए कॉलेज प्रबंधन के उपर दबाव बढ़ता है। प्राध्यायपक की नियुक्ति एवं फैकल्टी के संचालन में उपयोग आने वाले संसाधनों की व्यवस्था भी प्रबंधन को करना पड़ता है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को सेटअप के आधार पर नियुक्ति करनी पड़ती है और वेतन सहित अन्य खर्चे भी वहन करने पड़ते हैं।

## मानदेय शिक्षकों ने भी सम्हाली कमान स्कूलों में पढ़ाई हो गई है आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पचरा का हाई स्कूल हो या शहर से 90 किलोमीटर दूर कोरबा ब्लॉक का ग्राम श्यांग में संचालित हायर सकेण्डरी विद्यालय या फिर पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम कटमोरगा में संचालित प्राथमिक शाला। अंतिमछोर वाले गांवों के इन सभी विद्यालयों में अब न तो शिक्षक की कमी है न ही विद्यार्थियों की कमी है। कुछ साल पहले तक अपने विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर विद्यार्थी परेशान थे।

**खास बात**
- डीएमएफ से 118 लेक्चरर, 109 शिक्षक और 243 सहायक शिक्षकों कर हुई नियुक्ति

जिले में 17 सौ से अधिक विद्यालय है। हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला विद्यालय में शिक्षकों की कमी की शिकायत लगातार कलेक्टर के पास आती रहती थी। गत वर्ष हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कुल 118 लेक्चचर की नियुक्ति की गई। इसी तरह माध्यमिक शाला में 96 शिक्षकों और प्राथमिक शाला में 263 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई। कुल 477 शिक्षकों की नियुक्ति जिले में की गई थी। इस सत्र में भी शिक्षकों की कमी को देखते हुए कलेक्टर ने मानदेय के आधार पर डीएमएफ से कुल 470 शिक्षकों की नियुक्ति की है। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कुल 118 लेक्चचर, माध्यमिक शाला में 109 शिक्षकों और प्राथमिक शाला में 243 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिले के हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला विद्यालय में लेक्चचर, शिक्षकों, सहायक शिक्षकों की नियुक्ति तो की ही गई है। इसके साथ ही विद्यालयों में 310 भृत्य भी नियुक्त किए गए। डीएमएफ से की जा रही भर्ती में अतिथि शिक्षकों को इस सत्र में गत वर्ष की तुलना में बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। इस सत्र में भृत्य को 85सौ, प्राइमरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 11 हजार, मिडिल स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 13 हजार और हाई-हायर सेकेण्डरी के अतिथि व्याख्याताओं को 15 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है। विगत वर्ष भृत्य को 8 हजार, प्राइमरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 10 हजार, मिडिल स्कूल के अतिथि शिक्षकों को 12 हजार और हाई-हायर सेकेण्डरी के अतिथि व्याख्याताओं को 14 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया गया था।

## 15 अलग-अलग बैच के सैंपल जब्त, आदेश के बाद जागा विभाग, असमंजस में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मध्यप्रदेश में 23 बच्चों की मौत के बाद ड्रग विभाग से लेकर शासन-प्रशासन एक्टिव मोड पर है। विभाग ने जिले के विभिन्न दुकानों से 15 बैच के अलग-अलग दवाओं के सैंपल लिए हैं, लेकिन खास बात यह है सभी कंपनी के सैकड़ों सिरप बेचे जा चुके है। ऐसे में सैंपल कलेक्शन के बाद अमानक दवा की पुष्टि होने तक हर कोई असमंजस्य की स्थिति में है। वहीं दवा दुकानदार अभी भी बिना पर्ची के लोगों को कप सिरप थमा रहे हैं, इसकी कभी भी पड़ताल नहीं की जाती है।

ड्रग विभाग द्वारा जिले में 15 कप सिरप के सैंपल लेकर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेज चुका है, जिन दवाओं को सैंपल के लिए भेजा गया है, वह सभी कफ सिरप संदिग्ध बताया जा रहा है, जिसके जांच के बाद भी अमानक या मानक सिद्ध हो सकेगा। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि मध्यप्रदेश में बच्चों की मौत के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इसकी भनक लगी है, जबकि सालों से ऐसी कफ सिरप गली-मोहल्लों की दवा दुकानों में बिक रहा है। खास बात यह है कि बच्चों के जल्द बीमार पड़ने के कारण अभिभावक पहले से ही कप सिरप की बोतल रखते हैं और बच्चों को उनकी डोज भी देते है। विभाग रिपोर्ट आने तक अमानक और मानक की बात कहने से बच रहा है, लेकिन अभिभावक असमंजस्य की स्थिति में है। जिन दवा के सैंपल लिए गए है, उसकी कितनी कप सिरफ बिक चुकी है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।




**श्रेसन फार्मा की 4 दवा का सैंपल**

बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश में जिन बच्चों की मौत हुई है, उन सभी के लिए श्रेसन फार्मा की कप सिरप का इस्तेमाल किया गया था। फूड एंड ड्रग विभाग ने बिलासपुर में भी श्रीसन फार्मा के 2 कप सिरप और 2 टेबलेट को जब्त किया है। जिसमें रैनाटिडीन ओरल साल्यूशन आईपी, प्रोनिट हैमाटिनिक विद प्रोटिन सिरप और मोंटेरोस किड टेबलेट, निम्यूसन प्लस टेबलेट शामिल है। विभाग द्वारा कप सिरफ की बैच लिस्ट, बिलिंग डिटेल्स और सप्लाई चैन की जांच कर रहा है।

**लिए गए हैं सैंपल**

श्रेसन कंपनी के दो-चार दवा के सैंपल लिए गए हैं, यह बड़ी कंपनी है, इसकी कई दवा रहती है। संदेह के आधार पर अलग-अलग बैचों की दवा हर माह सैंपल के लिए जाती है, यह रूटिन काम है। एमपी की घटना के बाद आदेश प्राप्त हुआ है, सैंपल लेकर जांच के लिए भेजी जा रहा है। किसी दवा के अमानक पाए जाने पर पूरे देश में आदेश सर्कुलेट होते हैं, जिसके बाद अनिवार्य तौर पर जांच की जाती है।

**-भीष्म सिंह कंवर**, ड्रग कंट्रोलर, फूड एंड ड्रग विभाग

## हरदीबाजार के ग्रामीणों ने त्रिपक्षीय वार्ता का किया विरोध, लौटे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

त्रिपक्षीय वार्ता को स्थगित करने की मांग के बाद भी प्रशासन द्वारा हरदीबाजार तहसील कार्यालय में बैठक आयोजित किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यालय के मुख्य द्वार पर त्रिपक्षीय वार्ता का विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी की और वापस लौट गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन व कलिंगा कंपनी जबरदस्ती मकानों को तोड़कर ग्रामीणों को बेघर करने पर तुले हुए हैं। आज 6 माह बाद भी हमें मुआवजा नहीं दिया गया है।

**खास बात**
- तहसील कार्यालय के मुख्य द्वारा पर एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

उल्लेखनीय है कि अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय हरदीबाजार में एसईसीएल दीपका प्रबंधन व हरदीबाजार ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। बैठक की जानकारी मिलने पर हरदीबाजार के ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और एसईसीएल दीपका प्रबंधन के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैंकरा, नायाब तहसीलदार संदीप गुप्ता मुख्य द्वार के पास आए जब उनसे कहा गया कि कि ग्रामवासियों ने आज की बैठक को निरस्त करने की मांग की थी तो यह बैठक क्यों आयोजित की गई। जिस पर तहसीलदार ने साफ कह दिया कि इस पत्र को हम नहीं मानते। उनके इस बात का सभी ग्रामीणों ने विरोध जताया और बैठक का बहिष्कार कर वापस लौट गए। बैठक की जानकारी मिलने पर मालगांव से रनसिंह चौहान व आमगांव से सूरज कंवर के साथ ग्रामीण महिला पुरुष बड़ी संख्या में पहुंच कर एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए आरोप लगाया कि झूठा आश्वासन देकर हम गरीबों का मकान व परिसंपत्तियों को जबरदस्ती बुलडोजर चलवाकर जमींदोज कर दिया और आज 6 माह गुजरने के बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं सराई सिंगार निवासी छोटेलाल पटेल ने आरोप लगाते हुए अपनी पीड़ा कहीं कि एक वर्ष पूर्व मेरे घर का निस्तारी बोर हैवी ब्लास्टिंग से धंस गया है, जिसका लिखित शिकायत एसईसीएल दीपका प्रबंधन से किया गया, बावजूद इसके अब तक समस्या को जानने कोई नहीं पहुंचा। एसईसीएल दीपका प्रबंधन केवल प्रोडक्शन करने में लगा हुआ है। ग्रामीणों के हित अहित का भी ख्याल नहीं है। अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल सहित बैठक में आए एसडीएम सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, एसईसीएल बिलासपुर के अधिकारी व दीपका प्रबंधन से मितेश मधुप, रौशन मेश्राम, सुशील साहू ने देखा कि बैठक में हरदीबाजार के ग्रामीण उपस्थित नहीं है और जबकि मालगांव व आमगांव के सराई सिंगार के ग्रामीणों की समस्या सुन्नी पड़ रही है तो उन्होंने बैठक को हरदीबाजार की शासकीय भूमि पर निर्मित शासकीय भवनों व जो अपनी मर्जी से मकान नापी सर्वे करवाना चाहता है उसका विरोध न करें अन्यथा उनपर वैधानिक कार्यवाही करने की बात कही। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन ग्रामवासियों की मांगों को जब-तक पूरा नहीं करता है तब तक न बैठक में शामिल होंगे न किसी प्रकार का नापी सर्वे होने देंगें। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, विधायक प्रतिनिधि एसईसीएल दीपका व्यास राठौर, अजय दुबे, श्यामू जायसवाल, रामशरण कंवर, रमेश अहिर, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, महेंद्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, नरेन्द्र राठौर, विजय जायसवाल, प्रेम डिक्सेना, गुड्ड जायसवाल, अरुण राठौर, रामायण यादव, बाबूराम राठौर, प्रदीप राठौर, कमलेश राठौर, लाला राठौर, लेखराम पांडेय, नारद राठौर, वंशीधर सोनी, गणेश श्रीवास, मितेश सोनी, सीताराम ओढ़े, अशोक डिक्सेना, इंद्रभूषण ओंडे, उमेश वस्त्रकार, मोहित, गजाधर साहू, राजू डिक्सेना, लेखराम राठौर, देव जायसवाल सहित अन्य ग्रामवासी उस्थित रहे।


तहसील कार्यालय के बाहर विरोध जताते जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण।

## अब सप्लायरों पर कठोर कार्रवाई की तैयारी में जांच एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला, शराब तथा डीएम फंड घोटाले की जांच कर रही ईडी की डीएम फंड से सप्लायरों का काम करने वाले पर ढेरी नजर रखी हुई है। राज्य शासन द्वारा राज्य खनिज निधि के माध्यम से सप्लायरों द्वारा बड़ी संख्या में घोटाला एवं घपला करने की शिकायते मिली है।

कलेक्टरों को डीएम फंड से खरीदी के लिए विशेष अधिकार दिया गया था। केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई थी। कोरोना संकट काल में दवा उपकरण सहित अन्य खरीदियां की गई थी। सबसे ज्यादा शिकायतें दंतेवाड़ा जिले में आई है, जहां पर डीएम फंड 200 करोड़ का है। इसके अलावा बालोद में 1363 करोड़ का डीएम फंड है। बलौदाबाजार जिले में भी 6 से अधिक सीमेंट प्लांट होने के कारण यहां पर भी डीएमफंड है। इसके पश्चात कोरबा, चांपा, जांजगीर तथा रायगढ़ का नंबर आता है। इस समय सभी सप्लायर कलेक्टरों का चक्कर काटते रहते हैं। कोयला लेवी वसूली में कई आएएस अधिकारी सहित अन्य नेता जेल के अंदर हैं। वहीं सट्टा के संचालक भी फिलहाल जेल की हवा खा रहे हैं। शराब घोटाला तथा कस्टम मिलिंग को लेकर दो पूर्व आईएएस अधिन्कारी अंदर हैं। ईडी तथा ईओडब्ल्यू द्वारा घपला में दोषी लोगों से पूछताछ के बाद पता चला है कि राज्य में अधिकारियों एवं सप्लायरों का एक कार्टेल बना हुआ था, जो कि विभिन्न जिलों में सप्लाई का काम करते थे। इसके एवज में कई कलेक्टरों ने महंगी उपकरण सहित कार भी गिफ्ट में ली है। ईडी इस संबंध में पूरी जानकारी ले रही है। बताया जाता है कि शीघ्र ही विभिन्न जिला में डीएम फंड से खरीदी करने वाले एवं सप्लायरों से पूछताछ की जाएगी। डीएमफंड का उपयोग कलेक्टर के अलावा जनपद सीईओ तथा अन्य अधिकारी कर रहे हैं।

## कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का कांग्रेस के सह प्रभारी ने किया शुभारंभ

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोरबा विधानसभा के निहारिका, कोसाबाड़ी मार्ग पर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभांरभ कांग्रेस सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। हस्तक्षार अभियान को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों में उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ निहारिका क्षेत्र के अनेकों व्यापारियों ने हस्ताक्षर अभियान से जुड़कर निर्धारित फार्म में हस्ताक्षर किया। प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव जरिता लैतफ्लांग ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान को देश भर से समर्थन एवं सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सभी प्रदेश में राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम चल रहा है। इस अभियान को हम सबको मिलकर सफल बनाना होगा। जरिता ने आगे कहा कि पहले लोगों को चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आभास होता था लेकिन उनके पास सबूत नहीं होते थे। अब हमारे पास ठोस सबूत है कि वोटों की चोरी हो रही है।



## चांद निकलने के बाद पति की छवि देख व्रती महिलाओं ने तोड़ा व्रत

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा करवाचौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के साथ हिंदू सुहागिन महिलाओं ने कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का व्रत रखा। दिनभर निर्जला उपवास रखकर महिलाओं ने आस्था दिखाई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आदिकाल में माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए करवा चौथ का व्रत किया था। कठोर तपस्या और संयम के बाद जब उन्होंने चंद्रमा के दर्शन किए, तो उनमें भगवान शिव की झलक दिखाई दी। तभी से यह परंपरा जुड़ गई कि इस व्रत का पारायण पति के दर्शन और चंद्रमा अर्घ्य के साथ किया जाता है।




शहर नगर सहित आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों में भी महिलाओं ने इस पावन पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। सुबह स्नान-ध्यान कर सुहागिनों ने व्रत का शुभारंभ किया। मध्यान्ह के समय घर-घर में भक्ति गीत और भजन-कीर्तन गूंजते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक कथा वाचन और पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम ढलने के साथ महिलाएं सोलह श्रृंगार से सजी-धजी, थाली में दीपक और छलनी लेकर चांद का इंतजार करती रहीं। चंद्रमा के दर्शन के बाद उन्होंने जल अर्घ्य अर्पित कर अपने पतियों की आरती उतारी और व्रत का पारायण किया। सुहागनों ने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को रखा जाता है। करवा चौथ का व्रत भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। अक्सर लोगों के मन में ये सवाल आता है कि करवा चौथ का व्रत कब से आरंभ हुआ। दरअसल करवा चौथ से जुड़ी एक नहीं बल्कि चार लोक कथाएं प्रचलित हैं, जिनसे पता चलता है कि इस व्रत की परंपरा कितनी पुरानी है। पहली कथा पौराणिक है और महाभारत काल से जुड़ी है। करवा चौथ की यह कथा द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को सुनाई थी। यह कहकर कि इसी कथा को भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था, जिसमें एक ब्राह्मण की बेटी के सात भाई थे। बेटी मायके आती है और करवा चौथ का व्रत रखती है। देर शाम शहर में चांद दिखने के बाद करवा चौथ की रस्म अदा की गई। इस बार चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात 10 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो चुकी है। वहीं, चतुर्थी तिथि 10 अक्टूबर शाम 7 बजकर 38 मिनट तक रहा। व्रत को लेकर बाजारों में विशेष चहल-पहल देखी गई। महिलाओं और उनके परिजनों ने पूजन सामग्री, साज-श्रृंगार, करवा, छलनी, मेहंदी, लहंगा, साड़ी आदि की जमकर खरीदारी की। लोग अपनी आर्थिक क्षमता और जरूरतों के अनुसार खुलकर पूजन सामग्री खरीदते नजर आए। बाजार में सबसे अधिक भीड़ श्रृंगार सामग्री और पूजा थाल सजावट की दुकानों पर देखने को मिली।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**कोरबा।** विश्व आर्थराइटिस दिवस पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत सभी 80 प्रकार के वात रोगों हेतु निःशुल्क अस्थि खनिज घनत्व जांच, रक्त शर्करा जांच एवं आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, आरोग्य भारती, विश्व हिंदू परीषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में 12 अक्टूबर की प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया गया है। जिसमें अंचल के अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ श्री शिव औषधालय के संस्थापक नाड़ीवैद्य पंडित शिव कुमार शर्मा चिकित्सक द्वय नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा विशेष रूप से सेवाएं प्रदान करेंगे।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### हरिनंदन को बनाया गया मोरगा समिति का प्रबंधक

**कोरबा।** प्रभारी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने समाचार पत्र में प्रकाशित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा में भारी अनियमितता बरते जाने की खबर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मोरगा समिति की जांच जारी है। जांच हेतु पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कटघोरा मणिशंकर मिश्रा एवं पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पोड़ी उपरोड़ा हरिनंदन उइके को सयुंक्त रूप से जांच अधिकारी नियुक्त कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोरगा के प्रभारी संस्था प्रबंधक श्री शर्मा को हटाकर श्री उइके संस्था प्रबंधक शाखा पोड़ी उपरोड़ा को मोरगा समिति का प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

### पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध अध्ययन केन्द्र शासकीय पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र के सभी संकायों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है। अध्ययन केन्द्र में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। यह अवसर उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। अधिक जानकारी एवं प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन हेतु इच्छुक विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र पीजी में संपर्क कर सकते हैं।

### सूने मकान में चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर निवासी श्याम बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करती है। 7 सितंबर को श्याम बाई अपने परिवार सहित अपने गृहग्राम तरदा खेती बाडी का काम करने चली गई थी। 8 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे वापस आये तो देखे कि घर के खिडकी टुटा हुआ था आंगन का सामन बिखरा पडा था। घर अंदर घुसकर देखे तो घर अंदर कमरे का ताला लगाने वाला कुण्डी कटा हुआ था तथा घर में रखे सिल्वर, काश, स्टील के बर्तन, टीवी, कम्पयूटर सेट, बैटरी, यूपीएस, सोने का मंगल सूत्र, 10 नग लोहे का पाईप, एक बंडल राड, बोर मशीन तार स्टाटर सहित एवं घर के अन्य सामान की चोरी कर ले गये है तथा घर कर पूरा वाईरिंग तार को खिच कर तोड दिये है एवं 2 नग अलमारी, 3 नग दिवान, सोकेश एवं ड्रेसिग को तोडफोड कर दिये है तथा अलमारी मे रखे कपडा को आईल में डुबाकर घर मे फैला दिये है। श्याम बाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

### हाथी के हमले में मृत व्यक्ति की हुई शिनाख्त

**कोरबा।** करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत रामपुर सर्किल के रामपुर परिसर के वन कक्ष पीएफ 1159 में सिवानामोहा नामक स्थान पर रामपुर से बेहरचुवां सड़क मार्ग किनारे लगभग 20 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति जिसका उम्र लगभग 58 वर्ष था। जो पिछले 2 माह से रामपुर, बिंझकोट, चैनपुर, नवापारा, में घूम-घूमता रहता था जिसे बुधवार की देर रात लगभग 12:30 बजे वन क्षेत्र में विचरण कर रहे लगभग 17 जंगली हाथियों से अचानक सामना हो जाने पर हाथियों ने सूड़ एवं पैरो से कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि घटना से लेकर उसके बाद तक इसी प्रकार की सूचना थी कि मृतक अज्ञात है। थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट एरिया में हुई घटना में विचरण कर रहे हाथी ने एक व्यक्ति को अपनी चपेट में लिया और कुचल दिया। घटनाक्रम और उसके बाद की कुछ तस्वीरें अलग-अलग सूचना माध्यम में प्रसारित की गई। इस दौरान बलरामपुर से पुलिस के पास फोन कॉल आया जिसमें बताया गया कि मृतक इस जिले का निवासी था और कुछ समय से उसके मानसिक दशा ठीक नहीं थी। बताया जाता है कि शनिवार को मृतक के परिजन करतला पहुंचेंगे जिसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### बांगो बांध का डूबान क्षेत्र है बुका, चारों तरफ है पानी ही पानी

# बुका पर्यटन केंद्र होगा गुलजार, किफायती दर पर मोटर बोट की मिलेगी सुविधा, प्रवेश शुल्क में भी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव बांगो बांध का डूबान क्षेत्र के कैचमेंट में बेहतर बारिश हुई है। जिसके चलते बांगो बांध पूरी तरह से लबालब हो चुका है। ऐसे में बांगो बांध के डूबान क्षेत्र में चारों तरफ नीला नीला पानी और छोटे-छोटे टापू और हरियालियों से भरा हुआ क्षेत्र जो कटघोरा वनमंडल के बुका पर्यटन केंद्र के नाम से प्रसिद्ध है। जिसका नाम सुनते ही पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।



**खास बात**

- पूर्व में प्रति व्यक्ति 25 रुपए लिया जाता था प्रवेश शुल्क, अब देना होगा 10 रुपए

गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है और पर्यटन केंद्र आम लोगों के लिए खोल दिए गए हैं। आम जनता को इस पर्यटन केंद्र में बेहतर साजो सामान व सुविधा मिल सके इसके लिए विभाग के अफसर व समितियों ने बेहतर पहल की है। जिसमें मोटर बोट को किफायती दर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही इस पर्यटन केंद्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को प्रति व्यक्ति 25 रुपए शुल्क दिया जाता था। अब पर्यटकों को अधिक भार ना पड़े इसके लिए वन विभाग ने इस भार को कम करते हुए महज 10 रुपए में प्रति व्यक्ति पर्यटन केंद्र में लोगों को एंट्री दी है जबकि बच्चों की एंट्री बिल्कुल मुफ्त कर दी गई है। इस साल इस पर्यटन केंद्र में और भी पर्यटकों को लुभाने के लिए नए-नए केंद्र तैयार किया जा रहे हैं जो आने वाले दिनों में तैयार हो जाएंगे जो पर्यटकों को खूब रास आएगी।

जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले बुका पर्यटन केंद्र कोरबा जिले ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अपनी जगह बनाने में एक अलग कामयाबी हासिल की है। हर वर्ष शरद ऋतु में हजारों की तादात में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पर्यटक यहां पहुंचते हैं इस पर्यटन केंद्र में ग्लास हाउस सहित अन्य सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बांगो डूबान में मोटर बोटिंग करने के लिए शिकार बोट, स्पीड बोट, बनारस बोट सहित अन्य बोट की सुविधा वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। पूर्व में यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को वन विभाग समिति के माध्यम से प्रति व्यक्ति 25 रुपए की राशि लोगों से लिया करती थी। कटघोरा वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत ने पर्यटकों को अत्यधिक भार ना पड़ सके और इस पर्यटन केंद्र की शोभा में और चार चांद लग सके इसके लिए कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने नई पहल की है इस पर्यटन केंद्र में पहुंचने वाले पर्यटकों को प्रति व्यक्ति अब 25 रुपए नहीं बल्कि महज 10 रुपए ही देना होगा जबकि बच्चों को किसी तरह की एंट्री फीस नहीं लगेगी। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि यह जो राशि ली जाती है यह राशि समिति में जमा की जाती है और पर्यटन केंद्र का संचालन समिति करती है। समिति में काम करने वाले कर्मचारियों को इसी पैसे से वेतन भुगतान सहित मेंटेनेंस का काम सहित अन्य काम कराए जाते हैं। वन विभाग द्वारा इस राशि की दर को कम कर दी गई है ताकि आम लोगों को भार ना पड़े और आने वाले दिनों में इस पर्यटन केंद्र में लोगों को अत्यधिक सुविधा मुहैय्या कराई जा रही है।

**बुका में पर्यटकों के लिए संचालित होगा ई-रिक्शा**

कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर जल विहार बुका समिति के अध्यक्ष धरम सिंह बिंझवार व ग्राम पंचायत मड़ई समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें इस साल पर्यटकों को बुका में जो सुविधा दी जानी है उसमें मुख्य रुप से जल विहार बुका में पर्यटको के लिए स्पीड बोट, सिकारा बोट, बनारस बोट एवं 10 सीटर बोट का संचालन किफायत दर में सुचारू रूप से करने का निणर्य लिया गया, पर्यटको की सुविधा हेतु मुख्य मार्ग से जल विहार बुका तक ई-रिक्शा चलाने का निर्णय लिया गया, पर्यटन स्थल की साफ सफाई एवं प्लास्टिक फ्री जोन बनाने हेतु प्रति दिवस समिति सदस्यों द्वारा पर्यटन क्षेत्र की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया, पर्यटकों के ठहरने हेतु उपलब्ध कक्षों में सुविधा का विकास करने का निर्णय लिया गया, पर्यटकों के वन भ्रमण हेतु पर्यटन क्षेत्र में निर्माणाधीन नेचर ट्रेल को शीघ्रपूर्ण कर पर्यटको के लिए खोलने कर निर्णय लिया गया है साथ ही पर्यटकों के मनोरुजन एवं सुविधा हेतु पक्षी विहार एवं बटर फ्लाई गार्डन का निर्माण को शीघ्रपूर्ण कर पर्यटको के लिए खोलने कर निर्णय लिया गया है।

# युवक के घर घुसकर मारपीट, सोने चांदी का जेवरात ले भागे लुटेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक युवक की मां की तबीयत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच युवक घर पर अकेले था। शाम को दो युवक किराये के मकान की तलाश करते हुए उसके घर पहुंचे और और उससे पूछताछ करने लगे इस बीच उसके घर घुसकर दोनों युवकों ने युवक को बेरहमी से मारपीट की और उसके घर के अलमारी में रखे सोने के जेवरात सहित नगदी रकम लेकर फरार हो गए हैं। मामला सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने आसपास क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने फिलहाल लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

लूटपाट की घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शहर के रिहायसी क्षेत्र रविशंकर शुक्ल नगर स्थित राठौर स्ट्रीट में घटित हुई है। बताया जाता है कि यहां राठौर स्ट्रीट में किराये के मकान में देवेश सिंह उम्र 34 वर्ष गीता स्वर्गीय विजय सिंह का परिवार निवास करता है। देवेश सिंह की मां की तबियत बिगड़ने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए रायपुर लेकर गए हुए थे इस बीच देवेश सिंह शुक्रवार को घर पर अकेले मौजूद था। शाम लगभग 4 बजे दो युवक टहलते हुए राठौर स्ट्रीट पहुंचे थे जहां उसका सामना देवेश सिंह से हुआ। किराये का मकान लेने के संबंध में उससे पूछताछ करते-करते उसके घर जा पहुंचे और मकान देखने के बहाने उसके घर में घुसकर पहले देवेश सिंह की जमकर उन्होंने पिटाई की और अलमारी में रखे देवेश के मां की कंगन, बाली व 4 हजार रुपए नगद लूट कर फरार हो गए। लूटपाट की घटना के बाद देवेश सिंह ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके उपरांत सिविल लाइन पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का सहित पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जिले भर में नाकेबंदी कर आरोपियों की खोजबीन की लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल पाया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

# शराब तस्कर को 30 लीटर महुआ शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जप्त शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मुहीम चलाई जा रही है। उरगा पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सराईपाली डबरी के पास हांथ भठठी निर्मित कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री करने के लिए रखा है। जिसकी सूचना पर ग्राम सराईपाली डबरी के पास मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक व्यक्ति सफेद रंग एवं नारंगी रंग के प्लास्टिक के बोरी के झोला के अंदर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखा हुआ मिला जिसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम सराईपाली ग्राम रीवापार निवासी राज कुमार सतनामी उम्र 43 वर्ष पिता राम लाल भारद्वाज बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर उसके विरुद्ध 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# उद्योगमंत्री के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ की दी स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर आबकारी, श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 2 करोड़ और 1 करोड़ की राशि की विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की है।


उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कोरबा कलेक्टरेट परिसर में मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक हुई थी। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की मांग पर सुनालिया पुल के लिए 9 करोड़ और बालक बालिका क्रीड़ा परिषर के लिए 10-10 करोड़ सहित कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी। मंत्री श्री देवांगन के प्रस्ताव पर मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण से कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 2.00 करोड़ की लागत से कुल 15 नवीन विकास कार्यों की स्वीकृति मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदान की गई है। इसी तरह मंत्री श्री देवांगन के प्रस्ताव पर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से एक करोड़ की राशि विभिन्न छह विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हेतु मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया है

**स्वीकृति कार्यों की सूची मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण**

वार्ड क्रमांक 61 बरमपुर बीच बस्ती ट्रांसफार्मर के पास सेन नदी तक नाली एवं कलवर्ट निर्माण कार्य लागत 20 लाख। वार्ड क्रमांक 61 बरहमपुर चेतू मंझवार के खेत पास से नदी तक नाली निर्माण कार्य, लागत 20 लाख। वार्ड क्रमांक 36 निर्मला स्कूल से विनोद सोनवानी घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत 20 लाख। वार्ड क्रमांक 36, साधराम राठौर घर से राठिया समाज भवन तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, लागत 20 लाख। वार्ड क्रमांक 36 डिंगापुर जंगल खटाल में मंच निर्माण कार्य लागत 5 लाख। वार्ड क्रमांक 28 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, हेलीपैड के पास लागत 10 लाख। वार्ड क्रमांक 32 नर्सिंग कॉलेज के सामने से केशव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 15 लाख। वार्ड क्रमांक 51, स्याहीमुड़ी ऊपर पारा बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 15 लाख। वार्ड क्रमांक 35 में रोड खरमोरा हनुमान मंदिर से कमल राठौर के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 5 लाख। वार्ड क्रमांक 59,दर्री खालेपारा में सार्वजनिक मंच एवं नाली निर्माण कार्य, लागत 25 लाख। वार्ड क्रमांक 18 राजस्व कॉलोनी पीपर पारा कोहडिया में सेड निर्माण व अन्य विस्तार कार्य लागत 6 लाख। वार्ड क्रमांक 21 सीएसईबी कॉलोनी कोरबा महिला दुर्गा पंडाल के पास किचन शेड निर्माण कार्य लागत 5 लाख। वार्ड क्रमांक 20 पथरीपारा चंदा यादव के घर से सामुदायिक भवन तक, भुवनेश्वर तिवारी घर से गणेश चौक तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 20 लाख। वार्ड क्रमांक 62 एसजीपी कॉलोनी मंच से शांति विहार पहुंच मार्ग तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 2.50 लाख। वार्ड क्रमांक 64 इमली छप्पर स्थित रामनगर कंचन कंवर के घर से राजेश सोनवानी घर होते हुए नदी तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 11:50 लाख शामिल है।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी

एक युवक ने अपनी पत्नी की फावड़े से मारकर हत्या कर दी थी इस मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास व 3 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपका थाना क्षेत्र में निवासरत रीता साहू को उसका पति बजरंग साहू ने 23 अगस्त 2022 को फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। बजरंग अपनी पत्नी को मार रहा था उस समय अपनी पुत्री के हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया था जो कि घटना की प्रत्यक्षदर्शी साक्षी है। मामले में अपराध दर्ज संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 506 भाग दो भा.द.वि. के तहत अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी बजरंग को आजीवन सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

# सेवानिवृत्त डीएसपी के फार्म हाउस में चोरी

**कोरबा।** एचआईजी-7 आर पी नगर फेस-2 सुभाष चौक निवासी सेवानिवृत्त डीएसपी एम एम मिंज ने रजगामार चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने कोरकोमा स्थित कृषि फार्म के आवश्यक कार्य के लिये एक ट्रक 20 एम एम का गिट्टी खरीद कर बाउंड्रीवाल गेट के अंदर रखा था। एम एम मिंज ने फार्म हाउस की रखवाली हेतु ग्राम कोरकोमा फिरंगी लाल चौहान के घर निवासरत सकल साय उम्र 30 वर्ष पिता राम सिह चौहान को चौकीदार के रुप में रखा गया था। 2 अक्टूबर को एम एम मिंज के दोस्त रवि यादव ने फोन कर बताया कि एम एम मिंज के फार्म हाउस से चौकीदार की मिलीभगत से वहां रखी गिट्टी की चोरी हो गई है। 7 अक्टूबर को एम एम मिंज जब जशपुर से वापस ग्राम कोरकोमा आकर फार्म हाउस में देखा तो बाउण्ड्री वाल के अंदर रखा गया एक ट्रक गिट्टी 20 एमएम का आधा गिट्टी पार को चुका था। चौकीदार सकल साय से इसके संबंध में पूछताछ किया गया तो चोरी गये गिट्टी के संबंध में कोई जानकारी नही देते हुये हिला हवाला करने लगा। मामले में एम एम मिंज की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### कलचुरी वंश की प्रथम राजधानी पहुँचने जटगा मोड़ पर बनेगा भव्य प्रवेश द्वार

# मुख्यमंत्री ने किया भगवान सहस्त्रबाहु चौक का नामकरण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सहस्त्रबाहु जयंती में मुख्यमंत्री के द्वारा घोषित स्थल चकचकवा पहाड़ी के नीचे कटघोरा अम्बिकापुर एनएच मार्ग पर सहस्त्रबाहु चौक की घोषणा 8 नवम्बर को हुई थी। उसी स्थल पर सातगढ़ कंवर समाज के द्वारा वीर शहीद सीताराम जी की मूर्ति का अनावरण मुख्यमंत्री के हाथों होना था जिससे दोनों समाज के मध्य टकराव की स्थिति निर्मित हो रही थी। जायसवाल समाज के बंधुओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या को बताया। श्री साय ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री निवास में केबिनेट लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास महतो, भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय सभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, राष्ट्रीय युवा सचिव सह श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष राहुल डिक्सेना, कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल के साथ घंटों चर्चा की। दोनों समाज के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जायसवाल समाज को नवीन स्थल जटगा मोड़ कसनिया चौक को आबंटित कर चौक का नामकरण सहस्त्रबाहु चौक, मूर्ति स्थापना एवं सुसज्जित उद्यान के साथ आधुनिक प्रवेश द्वार निर्माण के लिए मनाया। जायसवाल समाज के बंधुओं ने विशाल हृदय का परिचय देते हुए इसे स्वीकार किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री समाज के मध्य उपस्थित होकर जडगा मोड़ का नामकरण सहस्त्रबाहु चौक, मूर्ति एवं उद्यान निर्माण का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। साथ ही सहस्त्रबाहु जी के आदमकद मूर्ति हेतु 25 लाख एवं स्वागत द्वार के लिए अलग से राशि की स्वीकृति की घोषणा किये। साथ ही उद्यान निर्माण के लिए कलेक्टर को डीएम एफ से राशि देने हेतु निर्देशित किये। अंत में मुख्यमंत्री को जायसवाल समाज के द्वारा आत्मीय सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, क्षेत्रीय डड़सेना समाज के अध्यक्ष बृजमोहन डिक्सेना, एजीपी संजय जायसवाल, डॉ शकुन्तला जायसवाल, किरण जायसवाल, अमित जायसवाल, जगदीश डिक्सेना, श्याम जायसवाल, ओमप्रकाश डिक्सेना, अमित जायसवाल, नंदकुमार जायसवाल, रंजो डिक्सेना, सुनीता जायसवाल, अंजलि जायसवाल, ललिता डिक्सेना, राजेंद्र जायसवाल, जयशंकर जायसवाल, शशिकांत डिक्सेना, देवलाल डिक्सेना, दीपक जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, टकेश्वर जायसवाल, सहित बिलासपुर, सरगुजा जिला के सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411